भारत सरकार
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता/उपनिदेशक(उद्यान)के लिए विभागीय परीक्षा

**सितंबर, 2016**

**लॉ ऑफ कान्ट्रेक्ट**

**समयः तीन घण्टे** **कुल योगः 100**

**भाग – अ**

1. **निम्नलिखित में अंतर बताएं (किन्ही चार का) (4x5=20 अंक)**

- मद दर निविदा व प्रतिशत दर निविदा
- निष्पादन गारंटी व प्रतिभूति निक्षेप
- अग्रिम भुगतान व गतिशीलता अग्रिम
- अनुसूचि दर व बाजार दर
- सेवा कर व मूल्य वर्धित कर

**भाग – ब**

**भाग–ब में दस प्रश्न हैं। किन्ही आठ प्रश्नों का उत्तर दें (8x4=32 अंक)**

2. एक मद दर निविदा में दस मद हैं। एक ठेकेदार ने इनमें से केवल आठ मदों के रेट दिए है। अब तुलनात्मक विवरणी बनाते समय इस निविदा की गणना कैसे होगी ?

3. एक निविदा को 1 अप्रेल 2016 को स्वीकृत किया गया व साईट 15 जून 2016 को हस्तांतरित की गई। ऐसे में कार्य शुरू होने की तिथि क्या मानी जाएगी ?

4. संविदा की सामान्य शर्तों के खण्ड दो के अंतर्गत कार्यों में हुई देरी के कारण किस दर पर प्रतिकर लगाया जाएगा? इसके लिए सक्षम अधिकारी कौन है?

पृष्ठ सं0 2 पर जारी.......

5. संविदा की सामान्य शर्तों के खण्ड 7 के अंर्तगत कितनी समय सीमा के भीतर चल लेखा बिल का भुगतान करना होता है जिसके बाद ठेकेदार को ब्याज देना अनिवार्य हो जाता है। ब्याज किस दर पर दिया जाना होता है?

6. एक करार का अंतिम बिल बनाते समय कुछ मदों पर ठेकेदार से विवाद है। ऐसे में यह अंतिम बिल कैसे बनाया जाएगा ?

7. क्या नश्वर सामग्री पर भी प्रतिभूत अग्रिम दिया जा सकता है? ऐसी स्थिति में किन शर्तों का पालन करना होगा ?

8. करार के खण्ड 12 के अंर्तगत परियोजना व मूल निर्माण कार्य में प्रतिस्थापित मद की दर का कैसे आंकलन किया जाएगा?

9. संविदा की सामान्य शर्तों के खण्ड 13 में यदि कोई कार्य का परित्याग कर दिया जाता है तो ठेकेदार को किस दर पर प्रतिकर दिया जाएगा ?

10. यदि कोई ठेकेदार अपनी खुद की व्यवस्था से सरकारी ट्यूब वैल में से पानी निकालता है तो ऐसी स्थिति में , खण्ड–32 के अंर्तगत, क्या जल प्रभार वसूल किया जाएगा ?

11. श्रमिक बेबाकी प्राप्त होने पर ही प्रतिभूत निक्षेप वापिस की जाती है। यदि कार्यपालक अभियंता के निवेदन के बाद भी लेबर अधिकारी द्वारा 'श्रमिक बेबाकी' जारी नहीं किया जाता है तो संविदा की सामान्य शर्तों के खण्ड 45 के अनुसार कार्यपालक अभियंता को क्या कार्यवाही करनी चाहिए?

पृष्ठ सं0 3 पर जारी......

## भाग – स

**भाग–स में दस प्रश्न हैं। किन्ही आठ प्रश्नों का उत्तर दें (8x6=48 अंक)**

12. निविदा का कौन सा रूप आप अपनाना चाहेंगे – मद दर निविदा या प्रतिशत दर निविदा? कारण देकर अपने उत्तर को स्पष्ट करें।

13. एक निविदा 100 आवासीय मकान बनाने के लिए आबंटित की जाती है, जिसकी समय सीमा 18 महीने रखी गई है। कार्य की प्रगति के दौरान, खण्ड 13 में कार्य का स्कोप घटाकर 50 क्वाटर तक सीमित कर दिया गया। यह 50 क्वाटर का कार्य ठेकेदार ने 16 महीने में पूरा कर दिया व खण्ड 2(a) के अंर्तगत बोनस (प्रोत्साहन) की मांग की। क्या यह बोनस (प्रोत्साहन) ठेकेदार को देय है? कारण देकर स्पष्ट करें।

14. एक कार्य में विभागीय अड़चनों के कारण विलंब हो गया है। ठेकेदार ने mile stone shift करने के लिए आवेदन नहीं किया है। क्या ऐसी स्थिति में हमें अपने आप mile stone shift कर देना चाहिए या नहीं? कारण देकर उत्तर स्पष्ट करें।

15. संविदा की सामान्य शर्तों के खण्ड 6(a) के अंर्तगत ठेकेदार को कम्प्यूटरकृत मापें देनी होती हैं। यदि ठेकेदार ऐसा नहीं करता है तो कार्यपालक अभियंता को ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिए?

16. भारसाधक इंजीनियर की वह जिम्मेदारियां बताएं जिसके अंर्तगत उन्हे यह सुनिश्चित करना होता है कि ठेकेदार के मजदूरों को उचित मजदूरी व अन्य अनुमत्य सुविधाएं प्राप्त हों। ई0एस0आई0 व ई0पी0एफ0 का अंशदान किस प्रकार से नियोजित किया जाता है?

पृष्ठ सं0 4 पर जारी.....

17. ऐसे क्या आधार हैं जिनपर मध्यस्थ द्वारा दिए गए अधिनिर्णय को न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है?

18. अभी हाल ही में 'आरबिट्रेशन एक्ट' में क्या मुख्य बदलाव आए हैं?

19. 'वर्कमैन कम्पैन्सेशन' एक्ट' के संदर्भ में निम्नलिखित की परिभाषा दें:–

– वर्कमैन
– पूर्ण डिसएबलमैंट
– उचित मजदूरी

20. के0लो0नि0वि0 के ठेकेदारों द्वारा लगाए गए मजदूरों को क्या स्वास्थ्य व सफाई संबंधी सुविधाएं देनी सुनिश्चित करानी आवश्यक हैं? यदि ठेकेदार यह सुविधाएं नहीं देता है तो कार्यपालक अभियंता को संविदा की सामान्य शर्तों के खण्ड 19 के अंतर्गत क्या कार्यवाही करनी चाहिए?

21. निम्नलिखित की परिभाषा दें:–

– स्वतंत्र सहमति
– करार व कन्ट्रेक्ट
– प्रौमिसर व प्रौमिसी